दिनांक 11.12.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

आयुक्त चौहान निकले स्वच्छता जागरुकता अभियान में

भिलाईनगर/स्वच्छ भारत अभियान को नगर निगम भिलाई में जोरो–शोरो से चलाया जा रहा है इस अभियान में नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी तों जुड़े ही है निगम आयुक्त के0एल0 चौहान सहित उनका परिवार इस अभियान से जुड़कर लोगों को जागरुक कर रहा है। जनता के बीच स्वच्छता की महत्ता को समझाने के लिए आयुक्त के0एल0 चौहान परिवार सहित सूर्या मॉल जुनवानी पहुंचकर वहॉ उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता मोबाईल ऐप्प डाउनलोड करवा रहे थे यही देखकर सब आश्चर्य चकित थे कि श्रीमती चौहान स्वयं बच्चों, लड़कियों एवं महिलाओं के बीच पहुंचकर मोबाईल ऐप्प से होने वाली सुविधा के बारे में बता रहीं थी कि भिलाई क्षेत्र में कहीं पर भी कचरा दिखे उसका मोबाईल में फोटो खिचकर स्वच्छता ऐप्प में भेजे निगम द्वारा 24 घंण्टे के अंदर सफाई कर दी जायेगी। जैसे ही सफाई हो जाये मोबाईल ऐप्प के माध्यम से सपोर्ट भी करें।

जो कार्य बड़े–बड़े नागरिक नहीं कर पा रहे है उसको कक्षा पहली का छात्र अगस्त श्रीवास्तव ने के0एल0 चौहान को बताया कि उनके पड़ोस के अंकल द्वारा रोज सड़क पर कचरा फेंकते है उनको मना करिये यही जागरुकता सभी नागरिकों में मोबाईल ऐप्प के द्वारा से आ जाये तो हमारी भिलाई नम्बर–01 भिलाई बन सकती है। चौहान ने कहा कि जब स्वच्छ भारत अभियान का नम्बर–01 शहर इंदौर के निवासी अपने बारात समारोह में शान के साथ स्वच्छता ट्राली स्वयं लेकर चल सकते हैं तो हमारी भिलाई के लोग क्यों नही। जब तक सब नागरिक स्वयं आगे नहीं बढ़ेगे तब तक अकेले नगर निगम क्या कर सकता है।

स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड कराने के लिए निगम का स्वास्थ्य विभाग का दस्ता सूर्या मॉल में पहुंचकर रात 10 बजे तक स्वच्छता ऐम्बेसडर भीम ऐप्प को लेकर दुकानों के स्टोर में पहुंचकर वहॉ ग्राहकों से मोबाईल स्वच्छता ऐप्प डाउनलोड करा रहे थे पीबीआर में चल रहे सिनेमा के मध्यान्तर में भी सूर्या मॉल के प्रबंधक श्री सिंह के सहयोग से निगम के कर्मचारियों द्वारा कराया जा रहा है। ऐप्प डाउनलोड के दौरान निगम के जोन 03 के आयुक्त बी.के. देवांगन, स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. साहू, अभियंता आलोक पसीने, चन्द्रकांत साहू, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, काउंटर प्रभारी अधिकारी अजय शुक्ला, रामायण सिंह, पोषण वर्मा, अभिनव, रिखीराम, नीलकंठ, सुखविंदर सिंग, आदि उपस्थित रहें।

जन सम्पर्क अधिकारी

The most
TRENDS
MID SEASON
SALE
FLAT
30%
OFF